# जहां जरूरत, फैक्टरी के लिए वहीं देंगे जमीन

## सीएम योगी बोले, यूपी में निवेश और निवेशक दोनों सुरक्षित

ग्रेटर नोएडा। यह पहले का उत्तर प्रदेश नहीं है। अब यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से सुदृढ़ है। प्रदेश में निवेश और निवेशक दोनों सुरक्षित हैं। निवेशक जब चाहे प्रदेश में इकाई लगा सकते हैं। फैक्टरी लगाने के लिए जहां भी जमीन की जरूरत होगी वहीं भूखंड मुहैया करा दिया जाएगा। यह कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का।

रविवार को मोटो जीपी के पुरस्कार वितरण समारोह के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचे मुख्यमंत्री से हरियाणा टेक्सटाइल एसोसिएशन एवं निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में उनसे मुलाकात की। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने यूपी में अपनी टेक्सटाइल इकाइयां लगाने की इच्छा जाहिर की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने कहा कि वह प्रदेश में पहले से इकाई लगाना चाहते थे लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति देखते हुए हमेशा पीछे हट जाते थे। मगर अब यहां पर उद्यमियों को काफी अच्छा माहौल मिल रहा है। ब्यूरो >> संबंधित पेज 12 पर

### ऑटोमोबाइल निवेश को बढ़ावा

यूपी में खेलों की अपार संभावनाएं हैं। मोटोजीपी वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए प्रमुख आकर्षण है। यूपी में इस आयोजन से राज्य व भारत में निवेश बढ़ाने की संभावनाओं में मदद मिलेगी। -योगी आदित्यनाथ




योगी बोले-ऐसे आयोजनों से मजबूत होगी यूपी की छवि

## मोटोजीपी : रफ्तार के बादशाह बने इटली के मार्को बैसेकी

### योगी ने सौंपी भारत के नक्शे वाली ट्रॉफी



रफ्तार का रोमांच

ग्रेटर नोएडा। सुपर बाइक रेसिंग के विश्व चैंपियन डुकाटी के मार्को बैसेकी (इटली) ने मोटोजीपी भारत का खिताब जीत लिया है। दूसरे स्थान पर स्पेन के जे मार्टिन और तीसरे पर रहे आर क्वारतारो के बीच 21वें व आखिरी लैप में रोमांचक मुकाबला दिखा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बैसेकी को भारत के मानचित्र वाली ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा, ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन से यूपी की छवि मजबूत होगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर रविवार को विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में मूनी वीआर46 रेसिंग टीम के राइडर बैसेकी ने 36.59.1570 मिनट का समय निकाल सभी को स्तब्ध कर दिया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे।

### 20 में से 16 राइडर ही पूरी कर पाए रेस

खिताबी दौड़ के लिए 20 राइडर ने हिस्सा लिया। इसमें से 16 राइडर ही रेस पूरी कर पाए। बाइक फिसलने से चार राइडर रेस से बाहर हुए। अप्रीलिया रेसिंग टीम के राइडर ए एस्पारगारो की बाइक फिसलने से उनके जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। ब्यूरो